No. of Printed Pages : 4

| पुस्तिका क्रम संख्या<br>Booklet Serial No. |
|---|
| 1034943 |

# TVFS-53

## 2025

## सामान्य अध्ययन (प्रश्न–पत्र – I)
## GENERAL STUDIES (PAPER – I)

निर्धारित समय : तीन घण्टे]
**Time Allowed : Three Hours]**

[अधिकतम अंक : 200
**[Maximum Marks : 200**

**विशेष अनुदेश :** (i) कुल **20** प्रश्न दिए गये हैं । खण्ड – अ में **10** प्रश्न लघु उत्तरीय हैं जिनके प्रत्येक उत्तर की शब्द–सीमा **125** तथा खण्ड – ब में **10** प्रश्न दीर्घ उत्तरीय हैं जिनके प्रत्येक उत्तर की शब्द–सीमा **200** निर्धारित हैं । प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपे हैं ।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(iii) प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

(iv) प्रश्नों में इंगित शब्द–सीमा को ध्यान में रखें ।

(v) उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णत: काट दें ।

**Specific Instructions :** (i) There are **20** questions. Section – **A** consists of **10** short answer questions with word limit of **125 each** and Section – **B** consists of **10** long answer questions with word limit of **200 each**. The questions are printed both in **Hindi** and in **English**.

(ii) **All** questions are **compulsory.**

(iii) The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

(iv) Keep the word limit indicated in the questions in mind.

(v) **Any** page or portion of the page **left blank** in the answer booklet must be **clearly struck off.**

## खण्ड – अ/ SECTION – A

1. मौर्य काल में कला एवं प्रौद्योगिकी के विकास पर एक संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए । 8
Comment briefly on the development of art and technology during the Maurya period.

2. "उन्नसवीं शताब्दी के भारतीय सामाजिक–धार्मिक सुधार आन्दोलनों में स्त्रीयों के मुद्दे एक प्रमुख चिंता का विषय थे" । स्पष्ट कीजिये । 8
"Women's issue was a major concern in the socio-religious reform movements of 19th century India". Explain.

3. 'उग्रवाद उदारवादियों के विचारों और कार्य प्रणाली के विरुद्ध एक प्रतिक्रिया थी' । इस कथन की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिये । 8
'Extremism was a reaction against the ideas and modus operandi of the moderates'. Critically explain this statement.

4. क्या वैश्वीकरण सांस्कृतिक एकीकरण एवं सांस्कृतिक संघर्ष दोनों को अग्रसर करता है ? स्पष्ट कीजिए । 8
Does globalization leads to both cultural integration and cultural conflict ? Elucidate.

5. ग्रामीण भारत में विकासात्मक मुद्दों के सन्दर्भ में निरक्षरता और गरीबी के बीच क्या सम्बन्ध है ? आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिये । 8
What is the relationship between illiteracy and poverty in the context of developmental issues in rural India ? Critically evaluate.

6. आधुनिक भारत में क्षेत्रवाद चुनौती एवं अवसर दोनों है । स्पष्ट कीजिए । 8
Regionalism in modern India is both a challenge and an opportunity. Clarify.

7. भारत में हिमनदों की प्रकृति में विभिन्नताओं की समीक्षा कीजिये । 8
Examine the variations in nature of glaciers in India.

8. भारत में मैंग्रोव और प्रवाल भित्ति समुद्री संसाधन प्रबन्धन में किस प्रकार योगदान प्रदान करते हैं ? 8
How do India's mangroves and corals reefs contribute to marine resource management ?

9. चीन–भारत सीमा विवाद के उद्भव, विस्तार और निहितार्थ का परीक्षण कीजिये । 8
Examine the origin, dimensions and implications of Sino-Indian border dispute.

10. मानसून की उत्पत्ति के अभिनव सिद्धान्तों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये तथा मानसून पर एल–निनो के प्रभावों का विवेचन कीजिये । 8
Examine critically the recent theories of the origin of monsoon and discuss the effects of El-nino on monsoon.

## खण्ड – ब/ SECTION – B

11. स्वतन्त्रता पश्चात् भारत के एकीकरण में सरदार पटेल की भूमिका का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए। 12

Critically analyse the role of Sardar Patel in the Unification of India after Independence.

12. "1857 से 1947 का कालखण्ड भारत के इतिहास का अत्यधिक परिवर्तन का काल था"। इस कथन का विश्लेषण कीजिए। 12

"The period from 1857 to 1947 was a time of immense change of Indian history". Analyse this statement.

13. जर्मनी का एकीकरण 'राष्ट्रवाद के आदर्श' और 'यथार्थवादी शक्ति-राजनीति' के अंतर्विरोध का प्रतीक माना जाता है। इस सन्दर्भ में एकीकरण के मार्गों और उसके अंतर्राष्ट्रीय निहितार्थों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए। 12

The Unification of Germany is considered as a symbol of the contradiction between the 'ideal of nationalism' and the 'realities of power politics'. In this context, critically examine the paths of unification and its international implications.

14. नगरीकरण से संबद्ध समाजिक-आर्थिक समस्याओं की विवेचना कीजिए। सतत शहरी विकास हेतु कौन-से संरचनात्मक उपाय आवश्यक है ? 12

Discuss the socio-economic problems associated with urbanization. What structural measures are necessary for sustainable urban development ?

15. भारतीय परम्परागत मूल्यों पर आधुनिकीकरण एवं पश्चिमीकरण के प्रभावों का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिये। 12

Critically evaluate the impact of modernisation and westernisation on the traditional Indian values.

16. परिवार, विवाह एवं नातेदारी व्यवस्था पर वैश्वीकरण का क्या प्रभाव दिखाई देता हैं ? भारतीय समाज के सन्दर्भ में इसका विश्लेषण कीजिए। 12

What are the visible effects of globalization on family, marriage and kinship system ? Analyse with reference to the Indian society.

17. भारत के वन संसाधनों का परीक्षण कीजिये तथा उन संरक्षण सिद्धान्तों को समझाइये जो देश की वन सम्पदा के विकास में प्रयुक्त किये जा सकते है। 12

Examine the forest resources of India and explain the principles of conservation which could be applied to improve the forest wealth of India.

18. शरणार्थियों एवं घुसपैठियों में भेद कीजिए। शरणार्थियों की सुरक्षा और सहायता के लिए भारत सरकार ने कौन-से कदम उठाये है? 12

Differentiate between refugees and infiltrators. What steps have been taken by the Government of India for the security and assistance of refugees ?

19. "भारत का महाद्वीपीय मग्नतट खनिज और ऊर्जा का भण्डार है"। उपयुक्त उदाहरणों के साथ इस कथन का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये। 12

"India's continental shelf is a store house of mineral and energy resources". Critically examine this statement with suitable examples.

20. सीमान्त और सीमाओं में अन्तर स्पष्ट कीजिये और भारतीय उपमहाद्वीप से उपयुक्त उदाहरण देते हुये सीमाओं के प्रकारों पर विस्तृत विवरण प्रस्तुत कीजिये। 12

Differentiate between frontiers and boundaries and present a detailed account on the types of boundaries giving suitable examples from Indian subcontinent.

---

PKLU-54

No. of Printed Pages : 4

# 2025

# सामान्य अध्ययन (प्रश्न-पत्र – II)

# GENERAL STUDIES (PAPER – II)

| निर्धारित समय : **तीन** घंटे | अधिकतम अंक : **200** |
|---|---|
| *Time Allowed : **Three** Hours* | *Maximum Marks : **200*** |

## विशेष अनुदेश / SPECIFIC INSTRUCTIONS

**नोट :** (i) कुल **20** प्रश्न दिए गए हैं। **खण्ड – अ** में **10** प्रश्न लघु उत्तरीय हैं जिनके **प्रत्येक** उत्तर की शब्द-सीमा **125** तथा **खण्ड – ब** में **10** प्रश्न दीर्घ उत्तरीय हैं जिनके **प्रत्येक** उत्तर की शब्द-सीमा **200** निर्धारित है। प्रश्न **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(iv) प्रश्नों में इंगित शब्द-सीमा को ध्यान में रखें।

(v) उत्तर पुस्तिका में **खाली छोड़े गए कोई** पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को **पूर्णतः काट** दें।

***Note :*** *(i) There are **20** questions. **Section – A** consists of **10** short answer questions with word limit of **125 each** and **Section – B** consists of **10** long answer questions with word limit of **200 each**. The questions are printed both in **Hindi** and in **English**.*

*(ii) **All** questions are **compulsory**.*

*(iii) The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*(iv) Keep the word limit indicated in the questions in mind.*

*(v) **Any** page or portion of the page **left blank** in the answer booklet must be **clearly struck off**.*

## खण्ड – अ / SECTION – A

1. भारतीय विधायी प्रक्रिया में संयुक्त संसदीय समितियों (JPC) की क्या भूमिका है ? वे प्रभावी कानून निर्माण में किस प्रकार योगदान देती हैं ? विश्लेषण कीजिए।
What role do Joint Parliamentary Committees (JPCs) play in the Indian legislative process ? How do they contribute to effective law-making ? Analyse. 8

2. वैकल्पिक विवाद समाधान (ADR) भारत में कुशल शासन को सुदृढ़ करने तथा न्याय वितरण प्रणाली की प्रभावशीलता बढ़ाने में किस प्रकार सहायक है ? विश्लेषण कीजिए।
How does Alternative Dispute Resolution (ADR) strengthen efficient governance and enhance the effectiveness of the justice delivery system in India ? Analyze. 8

3. "विधायिका अपने क्षेत्राधिकार में सर्वोच्च है, फिर भी वह संप्रभु नहीं है।" इस कथन का उदाहरणों सहित संवैधानिक परिप्रेक्ष्य में परीक्षण कीजिए।
"Legislature is supreme within its domain, yet it is not sovereign." Examine this statement in the constitutional context with examples. 8

4. यह कहना कहाँ तक सही है कि अंतर-राज्य परिषद संघ तथा राज्यों के मध्य विवादों को प्रभावी ढंग से सुलझा सकती है ? उपयुक्त उदाहरणों सहित उत्तर लिखिए।
To what extent is it correct to say that the Inter-State Council can effectively resolve the disputes between the Union and the States ? Write the answer with suitable examples. 8

5. नागरिक-केन्द्रित प्रशासन को सुनिश्चित करने के लिए नागरिक चार्टर (प्राधिकार) एक ऐतिहासिक पहल रही है। टिप्पणी कीजिए।
The Citizen Charter has been a landmark initiative in ensuring citizen-centric administration. Comment. 8

6. भारत में मानव संसाधन विकास से संबंधित प्रमुख मुद्दों की व्याख्या कीजिए।
Explain the main issues relating to Human Resource Development in India. 8

7. नीति क्रियान्वयन में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT), कहाँ तक उपयोगी रही है ? विवेचना कीजिए।
To what extent has Information and Communication Technology (ICT) been useful in policy implementation ? Discuss. 8

8. भारत – यूरोपियन यूनियन समझौते को वैश्विक भू-राजनीतिक गतिकी के परिवर्तनों के संदर्भ में कैसे देखा जाना चाहिए ? स्पष्ट कीजिए।
How should the India – EU Agreement be viewed in the context of changing global geopolitical dynamics ? Explain. 8

**9.** भारत की विदेश नीति के परिप्रेक्ष्य में श्रीलंका के भू-राजनीतिक महत्त्व का विश्लेषण कीजिए।
Analyze the geopolitical significance of Sri Lanka in the context of India's Foreign Policy. *8*

**10.** सीमा-पार आतंकवाद पर भारत के दीर्घकालिक रुख की पुष्टि करने में 25वें शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन, 2025 के घोषणा-पत्र के रणनीतिक महत्त्व का आकलन कीजिए।
Assess the strategic significance of the $25^{th}$ Shanghai Cooperation Organization (SCO) Summit, 2025 Declaration, in endorsing India's long-standing position on cross-border terrorism. *8*

## खण्ड – ब / SECTION – B

**11.** "भारत की संविधान निर्मात्री सभा औपनिवेशिक काल की संसदीय गतिविधियों का विधिक परिणाम थी।" इस कथन का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।
"India's Constituent Assembly was the legal outcome of Parliamentary developments during the Colonial period." Critically examine this statement. *12*

**12.** भारतीय संविधान के अंतर्गत संघ को प्रदान की गई विधायी शक्तियों का प्रावधान भारतीय संघीय प्रणाली के संघ-केंद्रित स्वरूप को किस प्रकार सुदृढ़ करता है ? परीक्षण कीजिए।
How does the provision of legislative powers granted to the Union under the Indian Constitution contribute to the centralized character of India's federal system ? Examine. *12*

**13.** "भारत का नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (CAG) भारत के वित्त का सर्वोच्च पंच है।" इस कथन के आलोक में उसके कार्यों एवं स्थिति का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।
"The Comptroller and Auditor General (CAG) of India is the supreme authority of India's finance." Critically analyse his functions and position in the light of this statement. *12*

**14.** जनहित याचिका (PIL) सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने एवं हाशिए पर पड़े समुदायों के अधिकारों की रक्षा करने का महत्त्वपूर्ण साधन है। उपयुक्त उदाहरणों सहित विश्लेषण कीजिए।
Public Interest Litigation (PIL) is an important tool for promoting social justice and protecting the rights of marginalized communities. Analyse with suitable examples. *12*

**15.** प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) प्रणाली किस प्रकार डिजिटल इंडिया और सुशासन के उद्देश्यों के साथ मेल खाती है ? विश्लेषण कीजिए।
How does the Direct Benefit Transfer (DBT) system align with the objectives of Digital India and good governance ? Analyze. *12*

**16.** ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में उभरते हुए आयामों का परीक्षण कीजिए तथा यह स्पष्ट कीजिए कि ये आयाम सरकारी सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी और कुशल बनाने में किस प्रकार सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

Examine the emerging dimensions of e-governance and explain how they contribute to making government services more accessible, transparent and efficient. *12*

**17.** विकास प्रक्रिया में सहायक संस्थाओं, योगदानकर्ताओं (donors) तथा संस्थागत हितधारकों के मध्य समन्वय की आवश्यकता एवं व्यावहारिक वास्तविकताओं का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

Critically evaluate the need for coordination among support institutions, donors and institutional stakeholders in the development process and practical realities. *12*

**18.** जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की पृष्ठभूमि, प्रमुख प्रावधानों एवं इसके संवैधानिक, प्रशासनिक और राजनीतिक प्रभावों का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

Critically analyze the background, key provisions and constitutional, administrative and political implications of the Jammu and Kashmir Reorganization Act, 2019. *12*

**19.** "संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की संरचना समकालीन वैश्विक राजनीति की सत्यता को परिलक्षित नहीं करती है।" सुरक्षा परिषद के सुधार पर भारत के रुख के आलोक में इस कथन का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

"The structure of the United Nations Security Council (UNSC) does not reflect the realities of contemporary global politics." Critically evaluate this statement in the light of India's stand on Security Council reforms. *12*

**20.** भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ किए जा रहे मुक्त व्यापार समझौते (FTAs) किस सीमा तक भारत के निर्यात पर अमेरिकी (US) व्यापार नीतियों के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने में सहायक हो सकते हैं ? इसका आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

To what extent can India's Free Trade Agreements (FTAs) with various countries help mitigate the adverse effects of the US trade policies on India's exports ? Critically evaluate. *12*

No. of Printed Pages : 4

**2025**

# सामान्य अध्ययन (प्रश्न-पत्र – III)

# GENERAL STUDIES (PAPER – III)

| | |
|---|---|
| निर्धारित समय : **तीन** घंटे | अधिकतम अंक : **200** |
| *Time Allowed : **Three** Hours* | *Maximum Marks : **200*** |

## विशेष अनुदेश / SPECIFIC INSTRUCTIONS

**नोट :** *(i)* कुल **20** प्रश्न दिए गए हैं । ***खण्ड – अ*** में ***10*** प्रश्न लघु उत्तरीय हैं जिनके **प्रत्येक** उत्तर की शब्द-सीमा ***125*** तथा ***खण्ड – ब*** में ***10*** प्रश्न दीर्घ उत्तरीय हैं जिनके **प्रत्येक** उत्तर की शब्द-सीमा ***200*** निर्धारित है । प्रश्न **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

*(ii)* **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।

*(iii)* प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

*(iv)* प्रश्नों में इंगित शब्द-सीमा को ध्यान में रखें ।

*(v)* उत्तर पुस्तिका में **खाली छोड़े गए कोई** पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को **पूर्णत: काट** दें ।

***Note :*** *(i) There are **20** questions. **Section – A** consists of **10** short answer questions with word limit of **125 each** and **Section – B** consists of **10** long answer questions with word limit of **200 each**. The questions are printed both in **Hindi** and in **English**.*

*(ii) **All** questions are **compulsory**.*

*(iii) The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*(iv) Keep the word limit indicated in the questions in mind.*

*(v) **Any** page or portion of the page **left blank** in the answer booklet must be **clearly struck off**.*

## खण्ड – अ / SECTION – A

1. भारत में हस्तकला उद्योगों के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों की पहचान कीजिए एवं इन चुनौतियों पर चर्चा कीजिए।
Identify the critical challenges faced by the handicraft industries in India and discuss their challenges. *8*

2. "नए विमानपत्तनों के निर्माण से भारत में औद्योगीकरण एवं विकास की राह आसान होगी।" परीक्षण कीजिए।
"Construction of new airports will facilitate industrialization and development in India." Examine. *8*

3. भारत में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एन एस एस ओ) द्वारा विकसित बेरोज़गारी की अवधारणा पर चर्चा कीजिए।
Discuss the concept of unemployment in India as developed by National Sample Survey Office (NSSO). *8*

4. डिजिटल भुगतान प्रणालियाँ भारत में वित्तीय समावेशन को कैसे बढ़ावा दे रही हैं ?
How are digital payment systems promoting financial inclusion in India ? *8*

5. "रोज़गारविहीन विकास" भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी चिंता है। इस पृष्ठभूमि में, विनिर्माण क्षेत्र में "रोज़गार लोच की स्थिरता" के पीछे के कारणों का विश्लेषण कीजिए।
"Jobless Growth" is a major concern for the Indian economy. In this backdrop, analyze the reasons behind the "stagnation of employment elasticity" in the manufacturing sector. *8*

6. भारत में समावेशी और सतत औद्योगीकरण (SDG 9) पर्यावरणीय स्थिरता (SDG 12, 13) को सुनिश्चित करते हुए आर्थिक विकास (SDG 8) को कैसे बढ़ावा दे सकता है ?
How can inclusive and sustainable industrialization (SDG 9) drive economic growth (SDG 8), while ensuring environmental sustainability (SDG 12, 13) in India ? *8*

7. जैव-प्रौद्योगिकी में हुई हाल की प्रगति, विशेषकर जीनोम एडिटिंग, भारत की कृषि उत्पादकता और जलवायु-प्रतिरोध क्षमता को कैसे परिवर्तित कर रही है, इसका 2024 – 2025 के विशिष्ट उदाहरणों से परीक्षण कीजिए।
Examine how the recent developments in biotechnology, particularly genome editing, are reshaping India's agricultural productivity and climate resilience, citing specific examples from 2024 – 2025. *8*

8. सीमा-पार कट्टरपंथीकरण में सोशल मीडिया की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।
Evaluate the role of social media in radicalization across the borders. 8

9. "तमाम प्रयासों के बावजूद, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा हेतु 'परमाणु प्रसार' अभी भी एक चुनौती बना हुआ है।" इस कथन का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।
"Despite all efforts, 'Nuclear Proliferation' still poses a challenge to international security." Critically analyze this statement. 8

10. मानव तस्करी के प्रमुख कारणों की चर्चा करते हुए इससे पीड़ित व्यक्तियों की सुरक्षा एवं पुनर्वास में सरकार की भूमिका का उदाहरणों सहित वर्णन कीजिए।
Discuss the major causes of human trafficking and describe with examples, the role of the government in ensuring the protection and rehabilitation of the victims. 8

## खण्ड – ब / SECTION – B

11. वर्षा और सिंचाई प्रणालियाँ एक-दूसरे की पूरक हैं, क्योंकि कृषि क्षेत्र मौसम की परिवर्तनशीलता के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। सहायक आँकड़ों के साथ इसकी पुष्टि कीजिए।
Rainfall and irrigation systems are complementary to each other as agriculture sector is highly vulnerable to weather variability. Justify with supportive data. 12

12. आय-असमानता से क्या तात्पर्य है ? भारत में आय-असमानता को कैसे कम किया जा सकता है ?
What is meant by income inequality ? How can income inequality be minimised in India ? 12

13. वैश्विक आर्थिक तनावों एवं आयात-निर्यात संबंधी बाधाओं के भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण कीजिए।
Analyze the impact of global economic tensions and import-export obstacles on the Indian economy. 12

14. "स्वास्थ्य एवं शिक्षा में निवेश आर्थिक विकास का आधार है।" इस संदर्भ में भारत सरकार के विचारों को स्पष्ट कीजिए।
"Investment in health and education forms the foundation of economic development." Explain the views of the Government of India in this context. 12

15. "भारत में भूमि सुधार एक अधूरा एजेंडा बना हुआ है।" व्याख्या कीजिए कि उचित भूमि अभिलेखों और काश्तकारी सुधारों की कमी भारत में कृषि के औद्योगीकरण और आधुनिकीकरण में बाधा के रूप में कैसे कार्य करती है।
"Land reforms in India remain an unfinished agenda." Explain how the lack of proper land records and tenancy reforms act as hurdles in the industrialization and modernisation of agriculture in India. 12

**16.** भारत सरकार की स्टार्टअप योजना का प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, आर्थिक विकास और भारत के सर्वांगीण विकास में योगदान का आकलन कीजिए।

Assess the contribution of Startup schemes of the Government of India in technology transfer, economic growth and overall development of India. *12*

**17.** सूचना प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और जैव-प्रौद्योगिकी भारत को एक विकसित राष्ट्र में परिवर्तित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उदाहरणों सहित विवेचना कीजिए।

Information technology, Space technology and Biotechnology are playing important roles in transforming India into a developed nation. Discuss with examples. *12*

**18.** भारत की आंतरिक सुरक्षा के समक्ष मादक द्रव्य व संगठित अपराध किस प्रकार के खतरे हैं ? इन चुनौतियों को नियंत्रित करने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं ?

What type of threats do drugs and organized crime pose to India's internal security ? What measures can be taken to control these challenges ? *12*

**19.** "सुरक्षा विकास है और विकास सुरक्षा है।" भारत की सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में इनके सहजीवी संबंध का विश्लेषण कीजिए।

"Security is development and development is security." Analyze the symbiotic relationship from India's security perspective. *12*

**20.** औद्योगिक दुर्घटनाओं, आतंकी हमलों व आग जैसी मानव-निर्मित आपदाओं के जोखिम को कम करने के लिए कुछ प्रभावी रणनीतियाँ सुझाइए।

Suggest some effective strategies for reducing the risk of man-made disasters like industrial accidents, terrorist attacks and fires. *12*

पुस्तिका क्रम संख्या
Booklet Serial No.

1079924

No. of Printed Pages : 7

# TVFS-56
# 2025

## सामान्य अध्ययन (प्रश्न–पत्र – IV)
## GENERAL STUDIES (PAPER – IV)

निर्धारित समय : तीन घण्टे]
Time Allowed : Three Hours]

[अधिकतम अंक : 200
[Maximum Marks : 200

**विशेष अनुदेश :** (i) कुल **20** प्रश्न दिए गए हैं । खण्ड – **अ** में **10** प्रश्न लघु उत्तरीय हैं जिनके **प्रत्येक** उत्तर की शब्द-सीमा **125** तथा खण्ड – **ब** में **10** प्रश्न दीर्घ उत्तरीय हैं जिनके **प्रत्येक** उत्तर की शब्द-सीमा **200** निर्धारित हैं । प्रश्न **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।

(iii) **प्रत्येक** प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

(iv) प्रश्नों में इंगित शब्द-सीमा को ध्यान में रखें ।

(v) उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए **कोई** पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णत: **काट** दें ।

**Specific Instructions :** (i) There are **20** questions. Section – **A** consists of **10** short answer questions with word limit of **125 each** and Section – **B** consists of **10** long answer questions with word limit of **200 each**. The questions are printed both in **Hindi** and in **English**.

(ii) **All** questions are **compulsory.**

(iii) The number of marks carried by **each** question/part is indicated against it.

(iv) Keep the word limit indicated in the question in mind.

(v) **Any** page or portion of the page **left blank** in the answer booklet must be **clearly struck off.**

## खण्ड – अ/ SECTION – A

1. मूल्य को परिभाषित करते हुए; मानवीय मूल्यों के विभेदक लक्षणों तथा इन मूल्यों के संवर्द्धन में परिवार की भूमिका की व्याख्या कीजिए ।
Defining value; explain the distinctive features of human values and the role of the family in inculcating these values. 8

2. नैतिक एवं जन केन्द्रित शासन के संदर्भ में चाणक्य के जीवन एवं विचारों की समकालीन प्रासंगिकता का मूल्यांकन कीजिए ।
Evaluate the contemporary relevance of Chanakya life and thoughts in the context of ethical and people centric governance. 8

3. अरस्तू के सद्गुण सम्बन्धी विचारों एवं उनकी प्रशासनिक कार्यों में अनुप्रयुक्तता की विवेचना कीजिए ।
Discuss the Aristotelian view of virtues and its application in administrative affairs. 8

4. एक लोक सेवक के जीवन में नैतिक उत्तरदायित्व और पदेन उत्तरदायित्व के बीच भेद की विवेचना कीजिए ।
Distinguish between moral responsibility and role (ex-officio) responsibility in the life of a public servant. 8

5. साध्य एवं साधन सम्बन्धी गांधीवादी मत की लोक-निधि व्यवस्था के सन्दर्भ में वांछनीयता का आकलन आप कैसे करेंगे ? सटीक उदाहरण के साथ विवेचना कीजिए ।
How would you assess the desirability of Gandhian view regarding ends and means in the context of public fund management ? Discuss with suitable examples. 8

6. कार्यस्थल पर कार्य निष्पादन सुधारने में स्वनियमन की भूमिका एवं उसके घटकों को स्पष्ट कीजिए ।
Write the role of self-regulation and its components in improving performance at workplace. 8

7. ''संवेगात्मक बुद्धि वह क्षमता है जिससे आपकी अपनी भावनाएँ आपके लिए कार्य करती है न कि विरोध में ।'' क्या आप इस कथन से सहमत है ? विवेचना कीजिए ।
"Emotional intelligence is the ability to make your emotions work for you instead of against you." Do you agree with this statement ? Discuss. 8

8. एक सार्वजनिक सूचना अभियान में लोक सेवकों द्वारा सामाजिक प्रभाव और अनुनय का नैतिक रूप से प्रयोग कैसे किया जा सकता है ? व्याख्या कीजिए । 8

How can social influence and persuation be ethically employed in a public information campaign by the public servants ? Explain.

9. साइबर अपराधों में सोशल मीडिया की बढ़ते उपयोग एवं भूमिका के सन्दर्भ में सामाजिक कौशल की भूमिका को विश्लेषित कीजिए । 8

Analyse the role of social skills in the context of increasing use and role of social media in cyber crimes.

10. प्रशासन में प्रेरित अनुपालन की व्यावहारिक उपयोगिताओं की विवेचना कीजिए । 8

Discuss the practical utilities of induced compliance in administration.

## खण्ड – ब / SECTION – B

11. नैतिक प्रशासन और सुशासन के बीच स्पष्ट भेद कीजिए । इनमें से कौन-सा अधिक आवश्यक है ? व्याख्या कीजिये । 12

Clearly distinguish between ethical administration and good governance. Which one of these is more important ? Explain.

12. डिजिटल शासन और बिग डेटा के युग में; सार्वजनिक अधिकारी एल्गोरिथम्स और स्वचालित निर्णयन प्रणाली पर अत्यधिक निर्भर होते जा रहे हैं । एल्गोरिथमिक पक्षपात, अस्पष्टता और जबाबदेही के अभाव से जुड़ी नैतिक जोखिमों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए तथा लोक प्रशासन में ऐसी प्रौद्योगिकियों के उत्तरदायी उपयोग के लिए मार्गदर्शक सिद्धान्त सुझाइए । 12

In the age of digital governance and big-data; public officials rely increasingly on algorithms and automated decision making systems. Critically examine the ethical risks involved in algorithmic bias, opacity and lack of accountability and suggest guiding principles for responsible use of such technologies in the public administration.

13. नैतिक निर्णय लेने के महत्वपूर्ण कारकों की व्याख्या कीजिए । यदि नैतिक निर्णय, प्रशासनिक निर्णय के विरुद्ध हो, तो आप दोनों में समन्वय किस प्रकार करेंगे ? उदाहरण सहित विवेचना कीजिए । 12

Explain the essential factors in ethical judgement. In case of ethical judgement being against the administrative decision, how would you harmonize them ? Discuss with example.

14. क्या ''सूचना का अधिकार अधिनियम'' सुशासन के लिए नैतिक आधार हो सकता है ? यदि हाँ, तो क्या यह व्यक्तिगत निजता के संरक्षण को लेकर कोई नैतिक द्वंद्व पैदा करता है ? मूल्यांकन कीजिए । 12

Can the "Right to Information(RTI) Act" be a moral basis for the good governance ? If so, does it create moral dilemma regarding the protection of individual privacy ? Evaluate.

15. क्या केवल आचरण संहिता का पालन नैतिक शासन को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त है या नैतिक प्रशासन के लिए संहिताबद्ध नियमों से परे मूल्यों की आवश्यकता होती है ? समालोचनात्मक व्याख्या कीजिए । 12

Is adherence to a code of conduct sufficient for ethical governance or does ethical governance require values beyond codified rules ? Explain critically.

16. समाज के कमजोर वर्गों में मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए लोक सेवकों में सहनशीलता और सहानुभूति का अनिवार्य गुण क्यों जरूरी है ? उपयुक्त तर्कों सहित उत्तर दीजिए । 12

Why tolerance and sympathy is a necessary quality for civil servant to promote mental health among the weaker sections of the society ? Give answer with suitable argument.

17. सामाजिक प्रभाव और समझाना-बुझाना ''स्वच्छ भारत अभियान'' की सफलता के लिए किस प्रकार योगदान कर सकता है ? अपना वस्तुनिष्ठ सुझाव दीजिए । 12

How can social influence and persuasion contribute to the success of "Swachha Bharat Abhiyan" ? Give your objective suggestion.

18. जीवन, कार्य, अन्य व्यक्तियों तथा समाज के प्रति हमारी अभिवृत्तियाँ सामान्यत: लेकिन अचेतन रूप से, परिवार एवं उस सामाजिक परिवेश के द्वारा निर्मित हो जाती है, जिसमें हम बड़े होते है । अचेतन रूप से अर्जित कुछ अभिवृत्तियाँ एवं मूल्य प्राय: आधुनिक लोकतांत्रिक एवं समतावादी समाज के नागरिकों के लिए अवांछनीय होते हैं ।

(अ) आज के शिक्षित भारतीयों में विद्यमान ऐसे अवांछनीय मूल्यों की विवेचना कीजिए ।

(ब) ऐसी अवांछनीय अभिवृत्तियों को कैसे परिवर्तित किया जा सकता है तथा लोक सेवों हेतु आवश्यक समझे जाने वाले सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों को आकांक्षी एवं कार्यरत लोक सेवकों में किस प्रकार संवर्धित किया जा सकता है ? विवेचना कीजिए । 12

Our attitude towards life, work, other people and society are generally shaped unconsciously by family and social surroundings in which we grow up. Some of these unconsciously acquired attitudes and values are often undesirable in the citizens of a modern democratic and egalitarian society.

(a) Discuss such undesirable values prevalent in today's educated Indians.

(b) How can such undesirable attitudes be changed and socio-ethical values considered necessary in public services be cultivated in the aspiring and serving public servant ? Discuss.

19. भारत में कार्पोरेट शासन के संदर्भ में ''नैतिक ईमानदारी'' और ''पेशेवर दक्षता'' से आप क्या समझते है ? उपयुक्त उदाहरण देकर विवेचना कीजिए । 12

What do you understand by "moral integrity" and "professional efficiency" in the context of corporate governance in India ? Discuss with suitable examples.

20. आप एक जिले में उत्तरदायित्व पूर्ण पद पर कार्यरत है । एक दिन सुबह आपके 11 वर्ष के बेटे के स्कूल से फोन आया कि आपको प्रिंसिपल से मिलने आना है । आप स्कूल गये और आपने अपने बेटे को प्रिंसिपल के कार्यालय में देखा । प्रिंसिपल ने आपको सूचित किया कि जिस समय कक्षाएँ चल रही थी, उस समय आपका बेटा निरुद्देश्य मैदान में घूमता पाया गया था । कक्षा शिक्षक आपको सूचित करते है कि आपका बेटा इधर अकेला पड़ गया है और कक्षा में पूछे गये प्रश्नों का उत्तर नहीं देता है; वह हाल ही में आयोजित फुटबाल ट्रायल में भी अच्छा प्रदर्शन करने में असमर्थ रहा है । आप अपने बेटे को स्कूल से ले आते है और शाम अपनी पत्नी के साथ बेटे के परिवर्तित व्यवहार के कारणों को जानने का प्रयास करते है । बार-बार मनाने के बाद आपके बेटे ने साझा किया कि कुछ बच्चे कक्षा में और छात्रों के व्हाट्सऐप ग्रूप में उसे बौना, मूर्ख और मेढ़क कहकर मजाक उड़ाते है । वह आपको कुछ बच्चों के नाम बताता है जो मुख्य दोषी है लेकिन आपसे मामले को शांत रहने देने का अनुरोध करता है ।

कुछ दिनों बाद एक खेल आयोजन के समय जहाँ आप और आपकी पत्नी अपने बेटे को खेलते हुए देखने गये थे । आपके सहकर्मी का बेटा आपको एक वीडियो दिखाता है जिसमें छात्रों ने आपके बेटे का व्यंग्य चित्र बनाया है । इसके अतिरिक्त वह उन दोषी बच्चों की ओर इशारा करता है जो स्टैंड में बैठे होते है । आप जानबूझकर अपने बेटे के साथ उनके पास से गुजरते है और घर लौट आते है । अगले दिन सोशल मीडिया पर आपको, आपके बेटे को और यहाँ तक कि आपकी पत्नी को भी बदनाम करने वाला एक वीडियो मिलता है जिसमें कहा गया है कि आप खेल के मैदान पर बच्चों को शारीरिक रूप से परेशान करने में लगे हुए है । वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया । आपके मित्रों एवं सहकर्मियों ने पूरा विवरण जानने के लिए आपको फोन करना शुरू कर दिया । आपके एक जूनियर ने आपको एक जबाबी वीडियो बनाने की सलाह दी जिसमें पृष्ठभूमि दी जाय और बताया जाए कि मैदान में कुछ भी नहीं हुआ था । बदले में आपने एक वीडियो पोस्ट किया, जिसे आपने खेल आयोजन के दौरान बनाया गया था, जिससे सम्भावित गड़बड़ी करने वालों की पहचान की गयी जो आपके बेटे की परेशानी के उत्तरदायी थे । आपने यह भी बताया कि मैदान में वास्तव में क्या हुआ था और सोशल मीडिया के दुरुपयोग के प्रतिकूल प्रभावों को सामने लाने का प्रयास किया ।

(अ) उपर्युक्त केस स्टडी को आधार बनाकर सोशल मीडिया के उपयोग में शामिल नैतिक प्रश्नों की विवेचना कीजिए ।

(ब) अपने परिवार के विरुद्ध झूठे प्रचार का सामना करने के लिए तथ्यों को सामने रखने के आपके प्रयास में सोशल मीडिया का उपयोग करने के लाभ एवं हानियों की विवेचना कीजिए । 12

You hold a responsible position in district. One day in the morning you received a call from the school of your 11-year-old son that you are required to come and meet the principal. You proceed to the school and find your son in the principal's office. The principal informs you that your son had been found wandering aimlessly in the ground during the time classes were in progress. The class teacher further informs you that your son has lately become a loner and did not respond to the questions in the class, he has also been unable to perform well in the football trials held recently. You bring your son back from the school and in the evening along with your wife try to find out the reasons for your son's changed behaviour. After repeated cajoling your son shares that some children had been making fun of him in the class as well as in the WhatsApp group of the student by calling him stunted, stupid and frog. He tells you the names of a few children who were the main culprits but pleaded with you to let the matter rest.

After a few day, during a sporting event, where you and your wife have gone to watch your son play. One of your colleague's son shows you a video in which students have caricatured your son. Further he also points out to the perpetrators who were sitting in the stand. You purposefully walk past them with your son and go home. Next day you find on social media, a video denigrating you, your son and even your wife, stating that you were engaged in physical bullying of children on the sports field. The video became viral on social media. Your friend and colleagues began calling you to find out the details. One of your juniors advised you to make counter video giving the background and explaining that nothing had happened on the field. You, in turn posted a video which you have captured during the sports event, identifying the likely perpetrators who were responsible for son's predicament. You have also narrated what has actually happened in the field and made attempts to bring out the adverse effects of the misuse of social media.

(a) Based on the above case study, discuss the ethical issues involved in the use of social media.

(b) Discuss the pros and cons of using social media by you to put across facts to counter the fake propaganda against your family.

AL

T

| पुस्तिका क्रम संख्या<br>Booklet Serial No. |
|---|
| 1094924 |

No. of Printed Pages : 4

# TVFS-57
# 2025

## सामान्य अध्ययन (प्रश्न–पत्र – V)
## GENERAL STUDIES (PAPER – V)

निर्धारित समय : तीन घंटे] [अधिकतम अंक : 200

Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200

**विशेष अनुदेश :** (i) कुल 20 प्रश्न दिए गए हैं । खण्ड – अ में 10 प्रश्न लघु उत्तरीय हैं जिनके प्रत्येक उत्तर की शब्द–सीमा 125 तथा खण्ड – ब में 10 प्रश्न दीर्घ उत्तरीय हैं जिनके प्रत्येक उत्तर की शब्द–सीमा 200 निर्धारित हैं । प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपे हैं ।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(iii) प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

(iv) प्रश्नों में इंगित शब्द–सीमा को ध्यान में रखें ।

(v) उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णत: काट दें ।

**Specific Instructions :** (i) There are **20** questions. Section – **A** consists of **10** short answer questions with word limit of **125 each** and Section – **B** consists of **10** long answer questions with word limit of **200 each**. The questions are printed both in **Hindi** and in **English**.

(ii) **All** questions are **compulsory.**

(iii) The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

(iv) Keep the word limit indicated in the questions in mind.

(v) **Any** page or portion of the page **left blank** in the answer booklet must be **clearly struck off**.

## खण्ड – अ/ SECTION – A

1. प्राचीन साहित्य के आधार पर 'अयोध्या' के सांस्कृतिक महत्व का वर्णन कीजिए । 8

   Describe the cultural significance of 'Ayodhya' on the basis of ancient literature.

2. आगरा की इंडो–इस्लामिक वास्तुकला में भारतीय, फारसी और इस्लामी शैलियों का मिश्रण है । टिप्पणी कीजिए । 8

   Agra's Indo-Islamic architecture has blend of Indian, Persian and Islamic styles. Comment.

3. उत्तर प्रदेश की शिक्षा में आर्य समाज के योगदान की संक्षिप्त विवेचना कीजिए । 8

   Discuss in short the contribution of Arya Samaj in education of Uttar Pradesh.

4. उत्तर प्रदेश के लोगों के दैनिक जीवन में साहित्य एवं संगीत के सांस्कृतिक महत्व को स्पष्ट कीजिए । 8

   Elucidate the cultural significance of literature and music in day to day life of people of Uttar Pradesh.

5. संवैधानिक प्रधान के रूप में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल की भूमिका पर टिप्पणी कीजिए । 8

   Comment on the role of the Governor of Uttar Pradesh as a Constitutional Head.

6. इलाहाबाद उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार तथा संवैधानिक मूल्यों को कायम रखने में उसकी भूमिका का विवेचना करें । 8

   Discuss the Jurisdiction of Allahabad High Court and its role in upholding Constitutional values.

7. उत्तर प्रदेश में सूचना के अधिकार अधिनियम की प्रासंगिकता पर टिप्पणी कीजिए । 8

   Comment on the relevance of the Right to Information Act in Uttar Pradesh.

8. सोशल मीडिया को परिभाषित कीजिए तथा विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के संदर्भ में उसके द्वारा उत्पन्न कुछ आन्तरिक सुरक्षा के लिए खतरों को पहचानिये । 8

   Define Social Media and identify few threats it has generated for internal security with special reference to Uttar Pradesh.

9. उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी प्रमुख चुनौतियों का नवीनतम ग्रामीण स्वास्थ्य आँकड़ों के आधार पर रेखांकन कीजिए । 8

Underline the main challenges pertaining to health in rural areas of Uttar Pradesh in the light of latest rural health data.

10. उत्तर प्रदेश के कृषि क्षेत्र में नवाचार पर चर्चा कीजिए तथा इसका किसानों की आय और ग्रामीण रोजगार पर प्रभाव का विश्लेषण कीजिए । 8

Discuss innovation in the agricultural sector of Uttar Pradesh and analyze its impact on farmer's income and rural employment.

## खण्ड – ब / SECTION – B

11. "प्राचीन मथुरा जैन पुरातात्विक स्रोतों की गर्भ स्थली थी ।" इस कथन को ब्रज क्षेत्र के जैन पुरातात्विक स्थलों के आधार पर स्पष्ट कीजिये । 12

"Ancient Mathura was the womb place of Jain Archaeological sources." Clarify this statement on the basis of Jain Archaeological sites in Braj Region.

12. उत्तर प्रदेश की संस्कृति में माघ मेला और कुम्भ मेला की महत्व को स्पष्ट कीजिए तथा इसकी प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । 12

Elucidate the significance of Magh Mela and Kumbh Mela in the culture of Uttar Pradesh and focus on their salient features.

13. उत्तर प्रदेश में मेरठ, लखनऊ, कानपुर और झाँसी शहरों ने 1857 के विद्रोह में कैसे योगदान दिया और इस महत्वपूर्ण अवधि के दौरान राज्य में कौन–सी प्रमुख घटनाएँ हुई ? 12

How did cities of Meerut, Lucknow, Kanpur and Jhansi in Uttar Pradesh contribute to the 1857 Revolt and what were the key events that took place in the State during this pivotal period ?

14. उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक जीवन में बिरहा और कज़री लोक गायनों की महत्व को स्पष्ट कीजिए । 12

Elucidate the significance of Birha and Kajari folk songs in the cultural life of Uttar Pradesh.

15. भारतीय संविधान में केन्द्र–राज्य संबंधों से संबन्धित संवैधानिक प्रावधानों का वर्णन करते हुए उत्तर प्रदेश के संदर्भ में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालिए । 12

Describe the Constitutional provisions related to Centre-State relations in Indian Constitution and throw light on its relevance in the context of Uttar Pradesh.

16. उत्तर प्रदेश की विधान सभा की संरचना, शक्तियों और कार्यों की विवेचना कीजिए । 12
Discuss the composition, powers and functions of the Legislative Assembly of Uttar Pradesh.

17. ''नागरिक चार्टर (Citizen Charter) नागरिकों का, नागरिकों के द्वारा और नागरिकों के लिए होना चाहिए ।'' उत्तर प्रदेश के विशेष संदर्भ में विवेचना कीजिए । 12
"Citizen Charter should be of the Citizen, by the Citizen and for the Citizen." Discuss with special reference to Uttar Pradesh.

18. संगठित अपराध और आतंकवाद के बीच सम्बन्धों को स्पष्ट करते हुए उत्तर प्रदेश की सुरक्षा पर इसके प्रभावों का परीक्षण कीजिए । 12
Elucidate the relationship between organized crime and terrorism and examine its impact on security of Uttar Pradesh.

19. एक सशक्त R&D पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में उत्तर प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति, 2025 और विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (CST-UP) की भूमिका का मूल्यांकन करें । 12
Evaluate the role of Uttar Pradesh Science and Technology Policy, 2025 and the Council of Science and Technology (CST-UP) in building a resilient R&D ecosystem.

20. स्वास्थ्य पर्यटन और कृषि विविधीकरण को संवर्धन देने में नई UP आयुष योजना 2025 की सामाजिक–आर्थिक क्षमता का आलोचनात्मक विश्लेषण करें । 12
Critically examine the socio-economic potential of the new UP AYUSH Policy, 2025 in promoting wellness tourism and agricultural diversification.

| पुस्तिका क्रम संख्या<br>Booklet Serial No. |
|---|
| 1109979 |

No. of Printed Pages : 4

# TVFS-58
# 2025
## सामान्य अध्ययन (प्रश्न–पत्र – VI)
## GENERAL STUDIES (PAPER – VI)

निर्धारित समय : तीन घण्टे] [अधिकतम अंक : 200

Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200

**विशेष अनुदेश :**

(i) कुल **20** प्रश्न दिये गये हैं । खण्ड – अ में **10** प्रश्न लघु उत्तरीय हैं जिनके **प्रत्येक** उत्तर की शब्द–सीमा **125** तथा खण्ड – ब में **10** प्रश्न दीर्घ उत्तरीय हैं जिनके **प्रत्येक** उत्तर की शब्द–सीमा **200** निर्धारित हैं । प्रश्न **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

(ii) **सभी प्रश्न अनिवार्य** हैं ।

(iii) **प्रत्येक** प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिये गये हैं ।

(iv) प्रश्नों में इंगित शब्द–सीमा को ध्यान में रखें ।

(v) उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गये **कोई** पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णत: **काट** दें ।

**Specific Instructions :**

(i) There are **20** questions. Section – **A** consists of **10** short answer questions with word limit of **125 each** and Section – **B** consists of **10** long answer questions with word limit of **200 each**. The questions are printed both in **Hindi** and in **English**.

(ii) **All** questions are **compulsory.**

(iii) The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

(iv) Keep the word limit indicated in the question in mind.

(v) **Any** page or portion of the page **left blank** in the answer booklet must be **clearly struck off**.

## खण्ड – अ/ SECTION – A

1. हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किये गये कर सुधारों की विवेचना कीजिये । 8

   Discuss the recent tax reforms undertaken by the Uttar Pradesh Government.

2. इन्वेस्ट यू. पी. की संकल्पना क्या है ? उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास में इसकी भूमिका का मूल्यांकन करें । 8

   What is the concept of invest U. P. ? Evaluate its role in the economic development of Uttar Pradesh.

3. 2025 में प्रारंभ की गई "ग्रीन स्टार रेटिंग सिस्टम" क्या है ? 8

   What is "Green Star Rating System" launched in 2025 ?

4. उत्तर प्रदेश में बायोमॉस ऊर्जा को नवीकरणीय और पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील माना जाता है । वर्णन कीजिए । 8

   Biomass energy considered renewable and ecologically sensitive in Uttar Pradesh. Explain.

5. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रेशम उत्पादन को बढावा देने के लिये शुरू की गई प्रमुख योजनाओं का संक्षिप्त मूल्यांकन कीजिए । 8

   Briefly evaluate the major schemes launched by Government of Uttar Pradesh to promote silk production.

6. "मृदा स्वास्थ्य और बढती इनपुट लागत, उत्तर प्रदेश में कृषि स्थिरता के लिये खतरा है ।" इस कथन का विश्लेषण करें । 8

   "Soil health and rising input cost are threatening the sustainability of agriculture in Uttar Pradesh." Analyse this statement.

7. नगरीय अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रसंस्करण एवं निस्तारण हेतु उत्तर प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशों का उल्लेख कीजिये । 8

   Mention the guidelines of Uttar Pradesh Government for scientific processing and disposal of municipal waste.

8. उत्तर प्रदेश की ड्रोन दीदी योजना क्या है ? यह योजना ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के सशक्तिकरण में किस प्रकार योगदान करती है ? **8**

What is Drone Didi Yojna of Uttar Pradesh ? How does this scheme contributes to the empowerment of women in rural area ?

9. उत्तर प्रदेश में वन्यजीव-मानव संघर्ष बढ रहा है । उसके प्रमुख कारणों पर चर्चा कीजिए एवं इसे कम करने के प्रभावी उपाय सुझाइए । **8**

Wildlife-human conflicts are increasing in Uttar Pradesh. Discuss its main causes and suggest effective measure to reduce it.

10. उत्तर प्रदेश में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रसार में विज्ञान प्रदर्शनी, मेले एवं अभियानों की भूमिका का वर्णन कीजिए । **8**

Describe the role of science exhibition, fairs and campaigns in spreading scientific approach in Uttar Pradesh.

## खण्ड – ब/ SECTION – B

11. उत्तर प्रदेश में पिछले दशक में कार्यान्वित महिलाओं एवं बच्चों के कल्याणकारी योजनाओं के लाभ एवं चुनौतियों का वर्णन कीजिये । **12**

Describe the benefits and challenges of Womens and Child Welfare Schemes implemented in Uttar Pradesh in the last decade.

12. उत्तर प्रदेश में औद्योगिक एवं क्षेत्रीय विकास को बढावा देने में डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की भूमिका का विस्तृत विश्लेषण कीजिये । **12**

Analyse in detail the role of Defence Industrial Corridor in promoting industrial and regional development in Uttar Pradesh.

13. उत्तर प्रदेश सरकार की ग्रीन हाइड्रोजन नीति – 2024 के लक्ष्य तथा उद्देश्य क्या हैं ? ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट का दिये जाने वाले सरकार के प्रोत्साहनों का उल्लेख कीजिये । **12**

What are the aims and objectives of Green Hydrogen Policy – 2024 of Uttar Pradesh Government ? Mention the governments incentives for Green Hydrogen Projects.

14. उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में खनन उद्योग की खराब स्थिति, खनिजों की कमी के कारण नहीं, बल्कि खराब प्रबन्धन के कारण है । उपरोक्त कथन का मूल्यांकन कीजिए । **12**

In the Bundelkhand region of Uttar Pradesh, the mining industry is in a state of illness not due to a lack of minerals, but due to poor management. Evaluate above statement.

15. कृषि, बागवानी, मत्स्य पालन एवं सहायक व्यवसायों के एकीकृत विकास से उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति कैसे संभव है ? विवेचना कीजिये । 12

Discuss how economic progress of Uttar Pradesh is possible through integrated development of agriculture, horticulture, fisheries and allied activities.

16. उत्तर प्रदेश में कृषि जोखिम प्रबंधन पर फसल बीमा योजनाओं एवं उनके प्रभावों का मूल्यांकन कीजिये । 12

Evaluate the crop insurance schemes and their impact on agricultural risk management in Uttar Pradesh.

17. ताज ट्रेपेज़ियम ज़ोन प्रदूषण (निवारण और नियंत्रण) प्राधिकरण के अनुसार उद्योगों के चार प्रकार के वर्गीकरण अर्थात लाल, हरा, नारंगी और सफेद के मापदण्ड क्या हैं ? 12

As per Taj Trapezium Zone Pollution (Prevention and Control) Authority, what are the criteria for the four types of categorization of industries, namely Red, Green, Orange and White ?

18. उत्तर प्रदेश "बीमारू" राज्य से एक विनिर्माण और सूचना प्रौद्योगिकी पावर हाऊस के रूप में विकसित हो रहा हैं । इस कथन के समर्थन में राज्य में विकास और प्रगति के प्रमुख क्षेत्रों पर प्रकाश डालिये । 12

Uttar Pradesh is evolving from a "BIMARU" state into a manufacturing and information technology power house. Highlight the key areas of development and progress in the state to support this statement.

19. उत्तर प्रदेश में विज्ञान तकनीकी नवाचार में डी.एस.टी., फिस्ट एवं साथी की अनुसंधान सुविधाओं की भूमिका के योगदान को व्याख्या करें । 12

Explain the role of research facilities of DST, FIST and SATHI in contributing to science and technology innovation in Uttar Pradesh.

20. उत्तर प्रदेश का डिजिटल रूप से सशक्त समाज में बदलने और एक प्रमुख निवेश गंतव्य बनाने के समग्र दृष्टिकोण पर प्रकाश डालें । 12

Highlight the holistic vision of transforming the Uttar Pradesh into a digitally empowered society and a leading investment destination.